दिनांक: 28.07.25 समय : 02.10PM

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**लोस–रास–स्थगित**

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज फिर बाधित रही। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और अन्य मुद्दों को वापस लेने की मांग सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की। लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक के लिए और फिर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। जबकि राज्यसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक के लिए फिर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**आपरेशन सिंदूर, शिवराज**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। नई दिल्ली में लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने आए श्री चौहान ने कहा कि विपक्ष के चेहरे से नकाब उतर चुका है। विपक्ष ने मांग रखी थी कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए और जब सरकार चर्चा के लिए तैयार है, तो चर्चा से भाग क्यों रहे हैं?

**विधानसभा सत्र**

मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का जुलाई–अगस्त 2025 मानसून सत्र आज से शुरू हुआ। सदन में निधन संबंधी उल्लेख करके मृतकों को श्रृद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, सदन के बाहर कांग्रेस विधायकों ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मुझे चिंता है कि कमलनाथ जी विधानसभा क्यों नहीं आ रहे? गौरतलब है कि 8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। सत्र के लिए कुल 3377 में से 2076 सवाल ऑनलाइन आए हैं, जबकि ऑफलाइन सवालों की संख्या 1301 है। इस सत्र में तीन सरकारी विधेयक भी पेश किए जाएंगे।

**सदानीरा अभियान**

जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी 'सदानीरा' का शुभारंभ आज मध्यप्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आदि ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**सावन सोमवार**

सावन महीने के तीसरे सोमवार के अवसर पर सुबह से प्रदेश के शिवमंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का दौर चल रहा है। उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर की तीसरी शाही सवारी निकाली जाएगी। भगवान महांकाल श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में विराजित होंगे। आज की सवारी में विभिन्न बैण्ड की प्रस्तुतियाँ खास आकर्षण होंगी। वहीं, कल नागपंचमी के अवसर पर उज्जैन में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। वर्ष में केवल एक दिन खुलने वाले उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट आज रात 12 बजे से खोले जाएंगे।

**मौसम**

मध्यप्रदेश में जबरदस्त बारिश का दौर जारी है। सोमवार को राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश होने का अनुमान जारी किया है, वहीं कुछ स्थानों में आज बहुत तेज वर्षा होने की चेतावनी जारी की है। मंदसौर और नीमच जिलों में अत्याधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। विदशा, राजगढ़, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी जिलों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है।

**जम्मू–कश्मीर – अमरनाथ यात्रा**

जम्मू–कश्मीर में तीन जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में तीन लाख 77 हजार से अधिक तीर्थयात्री यात्रा कर चुके हैं। कल श्रीनगर स्थित दशनामी अखाड़ा भवन के अंदर श्री अमरेश्वर मंदिर में छड़ी स्थापना समारोह आयोजित किया गया। कल नाग पंचमी के दिन इसी मंदिर में छड़ी पूजन किया जाएगा, जबकि छड़ी मुबारक की अंतिम यात्रा 4 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर की ओर शुरू होगी। छड़ी मुबारक को पारंपरिक रूप से श्रीनगर शहर के बुद्धशाह चौक इलाके में स्थित दशनामी अखाड़ा भवन के अमरेश्वर मंदिर में स्थापित किया जाता है।

**सशक्त आंगनवाड़ी**

महिला एवं बाल विकास की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने कहा है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा की प्रभावी कार्ययोजना तब ही संभव है, जब हम विभागीय मैदानी अमले के अनुभवों और संसाधनों का व्यावहारिक उपयोग करें। आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में निर्णायक कदम है। वे कल मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्गत ह्यूमन कैपिटल फार विकसित भारत विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। आयुक्त महिला एवं बाल विकास, सूफिया फारूकी वली ने कहा कि ईसीसीई विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है।

..................................